**राजस्थान सरकार**
**निदेशालय कालेज शिक्षा राजस्थान जयपुर**

क्रमांक : एफ 20(101)02/आयो./निकाशि/2013/1738 दिनांक : 30 सितम्बर 2013

**<u>आदेश</u>**

राज्य सरकार की घोषणा के अनुरूप राज्य में इस सत्र में 39 नवीन राजकीय महाविद्यालय स्थापित किये जा रहे हैं । इन महाविद्यालयों को यथासंभव इस सत्र 2013–14 में प्रारम्भ किया जाना हैं । शैक्षणिक सत्र 2013–14 की अवधि का बडा भाग व्यतीत हो जाने पर यह स्वभाविक है कि सुचारू अध्यापन एवं अन्य आधारभूत संरचना स्थापित करने में विभिन्न कठिनाईयों का सामना करना पड़ सकता है । अतः संभावित कठिनाईयों को ध्यान में रखते हुए निम्नानुसार निर्देशित किया जाता है :–

1. प्रत्येक नवीन राजकीय महाविद्यालय उसके निकटस्थ पूर्व संचालित राजकीय महाविद्यालय के मार्गदर्शन में रहेगा तथा वहॉ के प्राचार्य से आवश्यक आदेश–निर्देश प्राप्त करेंगे एवं किसी भी प्रकार की आकस्मिक स्थिति होने पर वित्तीय सहायता भी प्राप्त कर सकेंगे । नवीन महाविद्यालय जिस सम्बद्व राजकीय महाविद्यालय से आदेश–निर्देश एवं सहायता प्राप्त करेगें, की सूची संलग्न है ।

2. नवीन स्थापित राजकीय महाविद्यालयों में अधिकांश नवीन महाविद्यालयों के लिये अस्थाई भवन की उपलब्धता सुनिश्चित की जा चुकी है एवं शेष में भवन हेतु अविलम्ब व्यवस्था कर ली जावेगी । नवीन राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य आवश्यकतानुसार फर्नीचर की व्यवस्था डी.जी.एण्ड .डी. रेट पर क्रय करके सुनिश्चित करेंगे । नवीन महाविद्यालयों को बजट देने की प्रकिया में देरी होने पर सम्बद्ध राजकीय महाविद्यालय के छात्र निधि कोष अथवा महाविद्यालय विकास समिति कोष से भुगतान किया जावेगा । नवीन महाविद्यालय में बजट प्राप्त होने पर सम्बद्ध राजकीय महाविद्यालय को उसका पुर्नभरण कर दिया जावेगा ।

3. समस्त नवीन राजकीय कन्या महाविद्यालयों में छात्राओं हेतु उस क्षेत्र में चल रहे सहशिक्षा महाविद्यालय की छात्राओं को नवीन राजकीय कन्या महाविद्यालयों में स्थानान्तरित करने की अनुमति विभाग द्वारा दी जाती है । यह सुनिश्चित किया जावे कि इस प्रकार के स्थानान्तरण होने पर पूर्व महाविद्यालय का यथावत सुचारू रूप से संचालन हो तथा नवीन राजकीय महाविद्यालयो में भी समस्त न्यूनतम आवश्यकताओं की पूर्ति कर ली जावे।

4. ऐसे विषयों जिनमें व्याख्याताओं की नियुक्ति नहीं हो पायी है उन विषयों के सुचारू अध्यापन हेतु सेवानिवृत्त व्याख्याताओं (गेस्ट फैकल्टी) से अध्यापन करवाया जा सकता है जिनकी अधिकतम आयु 65 वर्ष से अधिक न हो । सेवानिवृत्त व्याख्याताओं से अध्यापन कार्य करवाने बाबत प्रति कालांश 500/– रू0 (प्रति घण्टा) मानदेय का भुगतान किया जावेगा एवं अध्यापन कार्य की एक सेवानिवृत्त व्याख्याता की प्रतिमाह अधिकतम अवधि (कालांश) 36 घण्टे हो सकती है ।

5. नवीन राजकीय महाविद्यालयों में अशैक्षणिक स्टाफ के स्वीकृत पद रिक्त होने पर शेष में अधिकतम 65 वर्ष की आयु वाले ऐसे सेवानिवृत्त कर्मचारियों को जो समकक्ष पद/पे–बेण्ड पर कार्य कर चुके हों पे माइनस पेंशन(Pay minus pension) के आधार पर अधिकतम दिनांक 30–6–2014 तक रखने की अनुमति दी जाती है । इस प्रकार के पदस्थापन आवश्यक होने व व्यक्ति उपलब्ध होने पर प्राचार्य प्रकरण बनाकर निदेशालय भेजेंगे तथा निदेशालय सक्षम स्तर से अनुमति प्राप्त कर सम्बन्धित महाविद्यालय को भेजेगा ।

उक्त निर्देशों की पालना तत्काल सुनिश्चित की जावे तथा किसी प्रकार की समस्या अनिश्चय की स्थिति में निदेशालय से तुरन्त सम्पर्क किया जावे ।

( नवीन जैन )
निदेशक

कमांक : एफ20(101)02/आयो./निआशि/2013/1739–1745 दिनांक : 30.9.13

प्रतिलिपि :–

1. निजी सचिव, माननीय उच्च शिक्षा राज्य मंत्री, राज0 जयपुर ।
2. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, उच्च शिक्षा, राज0 जयपुर ।
3. संयुक्त निदेशक, कार्मिक,प्रशासन, अकादमी, योजना एवं समन्वय
4. समस्त प्राचार्य, संबंधित सम्बद्ध राजकीय महाविद्यालय
5. समस्त प्राचार्य, नवीन राजकीय महाविद्यालय
6. मुख्य लेखाधिकारी निकाशि जयपुर
7. रक्षित पत्रावली ।

(आर0एस0 मक्कड़)
अतिरिक्त निदेशक

# नवीन राजकीय महाविद्यालयों के सम्बद्ध राजकीय महाविद्यालयों की सूची

| क0सं0 | जिला | नवीन राज0 महा0 का स्थान | अस्थाई भवन | सम्बद्ध राजकीय महाविद्यालय का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1 | चूरू | कन्या महाविद्यालय चुरू | मान्टेन्सरी पब्लिक स्कूल, सैनिक बस्ती, चुरू | रा0महा0 चूरू |
| 2 | | राजगढ़ | सीनियर सैकण्डरी स्कूल राजगढ के परिसर में स्थित खाली टिकपाणी ब्लाक | राज0 महा0 चूरू |
| 3 | धौलपुर | कन्या महाविद्यालय धौलपुर | राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, धौलपुर में स्थित छात्रावास एवं टीन शैड | राज0 महा0 धौलपुर |
| 4 | | बाड़ी | राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, बाडी में 06 कक्षा कक्ष | राज0 महा0 धौलपुर |
| 5 | उदयपुर | कन्या महाविद्यालय खैरवाड़ा | राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, खैरवाड़ा (उदयपुर) की उत्तर दिशा की एक विंग में | राज0 महा0 खैरवाडा |
| 6 | | सराड़ा | राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, सराडा में एक हॉल एवं दो कमरे | राज0 मीरा कन्या महा0 उदयपुर |
| 7 | सीकर | कन्या महाविद्यालय, होद तह0 खण्डेला | श्री श्री 1008 श्री विश्वम्भरदास जी महाराज शिक्षण संस्थान दुल्हेपुरा द्वारा होद तहसील खण्डेला में महिला महाविद्यालय हेतु बनाया गया भवन | राज0महा0 नीमका थाना |
| 8 | | कन्या महाविद्यालय सीकर | | राज0 महा0 सीकर |
| 9 | दौसा | कन्या महाविद्यालय, लालसोट | अशोक शर्मा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, लालसोट में 6 कमरे कमरा नं0 6 से 11 | राज0 महा0 लालसोट |
| 10 | | सिकराय | राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, सिकराय में 6 कमरे कमरा नं0 17 से 22 | राज0 महा0 दौसा |
| 11 | अजमेर | कन्या महाविद्यालय, सरवाड़ | पुराना नगरपालिका भवन जिसमें तीन कक्ष बडे तथा एक कक्ष छोटा है | राज0 महा0 केकडी |
| 12 | | **पुष्कर** | | राज0 महा0 अजमेर |
| 13 | बीकानेर | लूणकरणसर | राजकीय प्राथमिक विद्यालय, लूणकरणसर। | राज0 महा0 बीकानेर |
| 14 | | खाजुवाला | शहीद ओम प्रकाश सी0सै0 स्कूल खाजूवाला व जाट धर्मशाला । | राज0 महा0 बीकानेर |
| 15 | | डूंगरगढ़ | महर्षि दयानन्द छात्रावास एवं तेजा मंदिर मेमोरियल ट्रस्ट, डूंगर गढ में छात्रावास | राज0 कन्या महा0 बीकानेर |
| 16 | | **कोलायत** | | राज0 कन्या महा0 बीकानेर |
| **17** | करौली | सपोटरा | राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, सपोटरा में 6 कक्षा कक्ष ( 01 से 5,5ए) | राज0 महा0 करौली |

९०२

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 18 | सवाई माधोपुर | बामनवास | राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, बामनवास खुर्द के दक्षिणी खण्ड में निर्मित 6 कमरे | राज0 महा0 गंगापुरसिटी |
| 19 | भरतपुर | पहाड़ी | | राज0 महा0 भरतपुर |
| 20 | | कामां | | राज0 कन्या महा0 भरतपुर |
| 21 | चित्तौड़गढ़ | कपासन | राजकीय महाराणा उच्च माध्यमिक विद्यालय, कपासन के कक्ष कमांक 43 से 48 की विंग | राज0 महा0 चित्तौडगढ |
| 22 | राजसमन्द | कुम्भलगढ़ | राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, केलवाड़ा ( कुम्भलगढ़) | राज0 महा0 राजसमन्द |
| 23 | झुंझुनू | नवलगढ़ | मिट्ठूका की धर्मशाला, नवलगढ़ | राज0 महा0 झुंझुनू |
| 24 | | गुढा | राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, गुढा 12 कमरे । | राज0 कन्या महा0 झुंझुनू |
| 25 | अलवर | तिजारा | राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, तिजारा | राज0 महा0 अलवर |
| 26 | जोधपुर | बिलाडा | एसएमसी राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, पोलियावास (बिलाड़ा) के एस.एस.ए. परिसर में 7 कमरे । | राज0 महा0 भोपालगढ |
| 27 | | बालेसर | राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, बालेसर में 5 कक्षा कक्ष। | राज0 कन्या महा0 पीपाड सिटी |
| 28 | पाली | बाली | प्राथमिक विद्यालय, बाली का भवन । | राज0 महा0 पाली |
| 29 | बाड़मेर | सिवाना | | राज0 महा0 बाडमेर |
| 30 | | गुढ़ामलाणी | | राज0 कन्या महा0 बाडमेर |
| 31 | जालौर | सांचौर | राजकीय सीनियर माध्यमिक विद्यालय सांचौर में द्वितीय पारी में 10 कमरे | राज0 महा0 जालौर |
| 32 | टौंक | निवाई | राजकीय आदर्श उच्च प्राथमिक विद्यालय, निवाई के 6 कमरे | राज0 महा0 टौंक |
| 33 | नागौर | जायल | बी.आर.सी.एफ. भवन, जायल | राज0 महा0 नागौर |
| 34 | भीलवाड़ा | जहाजपुर | राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, जहाजपुर में 7 कमरे । | राज0 महा0 भीलवाडा |
| 35 | | रायपुर | राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, रायपुर में 5 कमरे। | राज0 कन्या महा0 भीलवाडा |
| 36 | | **आसीन्द** | | राज0 महा0 शाहपुरा (भीलवाडा) |
| 37 | **कोटा** | **सांगोद** | सांगोद स्थित धर्मशाला | राज0 महा0 कोटा |
| 38 | **प्रतापगढ़** | **धरियावाद** | | राज0 महा0 प्रतापगढ |
| 39 | **बारां** | **मांगरोल** | | राज0 महा0 बारां |